आकाशवाणी मध्यप्रदेश

प्रादेशिक समाचार

दिनांक : 21.05.2026 **समय : 02.10PM**

प्रधानमंत्री- दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पांच देशों की यात्रा पूरी कर आज दिल्ली लौट आए हैं। इस दौरे में उन्होंने संयुक्त अरब अमीरात, नीदरलैंड्स, स्वीडन, नॉर्वे और इटली का दौरा किया। इटली में श्री मोदी ने वहां की प्रधानमंत्री जॉर्जिया मेलोनी से मुलाकात की और दोनों देशों ने अपने संबंधों को 'विशेष रणनीतिक साझेदारी' तक बढ़ाने का फैसला किया। दिल्ली लौटते ही शाम पांच बजे पीएम मोदी 'सेवा तीर्थ' में मंत्रिपरिषद की बैठक की अध्यक्षता करेंगे।

पीएम मोदी- सम्मान

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को कल रोम में संयुक्त राष्ट्र के खाद्य एवं कृषि संगठन के सर्वोच्च सम्मान "एफएओ एग्रीकोला मैडल" से नवाजा गया। यह सम्मान उन्हें किसानों के कल्याण, खाद्य सुरक्षा और श्रीअन्न यानी मिलेट्स को वैश्विक पहचान दिलाने के लिए दिया गया। श्री मोदी ने इस सम्मान को देश के करोड़ों किसानों, पशुपालकों और कृषि वैज्ञानिकों को समर्पित किया। प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने प्रधानमंत्री को बधाई देते हुए कहा कि यह सम्मान भारत की कृषि नीतियों की वैश्विक स्वीकृति है।

रक्षा मंत्री- सियोल

रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने आज सियोल में दक्षिण कोरिया के मंत्री क्वोन ओह-यूल के साथ मिलकर भारतीय समर स्मारक का उद्घाटन किया। यह स्मारक कोरिया युद्ध के 75 साल पूरे होने पर बनाया गया है। इसमें उन भारतीय सैनिकों को श्रद्धांजलि दी गई है जिन्होंने उस युद्ध में अपनी सेवाएं दी थीं। इस मौके पर श्री सिंह ने कहा-

सीएम- शिक्षा विभाग की बैठक

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने स्कूल शिक्षा विभाग की समीक्षा बैठक ली। उन्होंने निर्देश दिए कि सांदीपनि विद्यालयों में पढ़ाई के बाद बच्चों के लिए स्किल डेवलपमेंट की गतिविधियां चलाई जाएं। नई शिक्षा नीति के तहत स्कूल स्तर पर ही व्यावसायिक शिक्षा देने पर भी जोर दिया गया।

आरटीई के तहत दाखिला

प्रदेश में आरटीई के तहत दूसरे चरण की ऑनलाइन लॉटरी कल जारी की गई। इसमें 11 हजार 485 बच्चों को उनकी पसंद के प्राइवेट स्कूलों में मुफ्त दाखिला मिला है। ये वो बच्चे थे जिन्हें पहले चरण में स्कूल नहीं मिल पाया था। इस तरह इस साल आरटीई के तहत मुफ्त दाखिला पाने वाले बच्चों की कुल संख्या 1 लाख 17 हजार से ज्यादा हो गई है।

ट्विशा शर्मा- सीबीआई जांच

भोपाल की चर्चित मॉडल ट्विशा शर्मा की संदिग्ध मौत के मामले में कल जिला अदालत ने दोबारा पोस्टमॉर्टम की मांग खारिज कर दी। हालांकि कोर्ट ने पुलिस को निर्देश दिया कि शव को माइनस 80 डिग्री तापमान पर सुरक्षित रखने की व्यवस्था की जाए। इस बीच प्रदेश सरकार ने मामले की सीबीआई जांच के लिए केंद्र को पत्र लिखने का फैसला किया है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने ट्विशा के परिजनों से मिलकर निष्पक्ष जांच का भरोसा दिलाया और जरूरत पड़ने पर शव को दिल्ली एम्स भेजने की बात भी कही।

मौसम का हाल

अब बात मौसम की। प्रदेश में भीषण गर्मी का कहर जारी है। कल 16 शहरों में पारा 44 डिग्री के पार पहुंच गया। खजुराहो सबसे ज्यादा तपा, जहां तापमान 47.4 डिग्री तक पहुंच गया और 33 साल पुराना रिकॉर्ड टूट गया। वहीं मौसम विभाग ने आज भिंड, दतिया, निवाड़ी समेत 7 जिलों में तेज लू का रेड अलर्ट जारी किया है और 23 मई तक राहत के कोई आसार नहीं हैं।

आईपीएल

आईपीएल में आज शाम साढ़े सात बजे अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में गुजरात टाइटन्स और चेन्नई सुपर किंग्स के बीच मुकाबला होगा। गुजरात पहले ही प्लेऑफ में जगह बना चुकी है, जबकि चेन्नई अंक तालिका में चौथे स्थान के लिए जूझ रही है। कल रात के मैच में कोलकाता नाइट राइडर्स ने मुंबई इंडियंस को चार विकेट से हराकर प्लेऑफ की उम्मीद बनाए रखी हैं।

संक्षिप्त समाचार

1. केन्द्रीय युवा मामले एवं खेल राज्यमंत्री रक्षा निखिल खडसे ने कल आगरमालवा के नलखेड़ा स्थित पीताम्बरासिद्धपीठ माँ बगलामुखी के दर्शन पूजन कर हवन अनुष्ठान किया।

2. झाबुआ के भावेश सोलंकी को सड़क दुर्घटना में घायल व्यक्ति की मदद कर जान बचाने के लिए राहवीर योजना के तहत प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया ।

3. शिवपुरी जिले के पिछोर अनुविभाग के भौंती में कल राजस्व विभाग और पुलिस की संयुक्त टीम ने 100 से अधिक दुकाने स्थाई व अस्थायी अतिक्रमण को हटाया।